तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 17.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि
रायपुर, सोमवार 8 जनवरी 2024

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

11 विकसित भारत संकल्प यात्रा कारली पहुंची



11 जिले के अंदरूनी ग्राम पंचायतों में पहुंचा प्रचार वाहन



## खबर संक्षेप

### स्टेट बैंक के कर्मचारियों ने वृद्धाश्रम में बांटे कंबल



**कांकेर।** भारतीय स्टेट बैंक क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय कांकेर द्वारा सामाजिक सेवा दायित्व के अंतर्गत नंदनमारा स्थित वृद्धाश्रम में कंबल वितरण किया गया। क्षेत्रीय प्रबंधक नीरज कुमार के नेतृत्व में 6 जनवरी को बैंक के मुख्य प्रबंधक तेजस्वी पटेल, मानव संसाधन प्रबंधक राकेश देवांगन और वरिष्ठ सहायक पवन वर्मा ने कंबल वितरण किया। वृद्धाश्रम के रह रहे लोगो से चर्चा किया व वृद्धाश्रम के संचालक बुलबुल ने भारतीय स्टेट बैंक के इस पहल की सराहना किया। विदित हो कि पूर्व में भी भारतीय स्टेट बैंक अपने विभिन्न कार्यालयों के माध्यम से सामाजिक सेवा दायित्व की भूमिका निर्वहन में अग्रणी रहा है।

### नाबालिग की सड़क दुर्घटना में हुई मौत

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत पीव्ही 102 निवासी 15 वर्षीय प्रशांत अधिकारी पिता स्व. संदू का सड़क दुर्घटना में मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक 31 दिसंबर की रात को साढ़े 7 बजें सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया व उसकी मौत हो गई। पखांजुर थाना में शून्य पर मर्ग कायम कर मर्ग डायरी बांदे थाना पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

### पेड़ से गिरकर घायल की उपचार के दौरान मौत

**कांकेर।** अंतागढ़ थानांतर्गत खसगांव कावड़ी निवासी 65 वर्षीय आगेश्वर रावटे पिता स्व. सदमन का ईलाज के दौरान 6 जनवरी की सुबह 4 बजें सीएचसी अंतागढ़ में मौत हो गया। वार्डब्वाय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक पेड़ से गिरकर घायल हुआ था। ईलाज के लिए अस्पताल में लाया गया था, जहां ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### घायल की मौत बाइक चालक पर मामला दर्ज

**कांकेर।** ताड़ोकी थानांतर्गत घोटुलबेड़ा मेन रोड के पास 8 मार्च को हुई सड़क दुर्घटना में चालक डोंगरीपारा किनारी निवासी 33 वर्षीय रत्तुलाल उइके पिता रायसिंह उइके का डीकेएस अस्पताल रायपुर में मौत हो गया था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी मृतक ग्राम घोटुलबेड़ा मेन रोड में अपनी वाहन क्रमांक सीजी 04 डीव्ही 6074 के चालक रत्तु लाल उइके ने अपनी वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए एक्सीडेंट ▶▶| शेष पेज 10 पर

### मेला : राजमहल में आंगा देवता की पूजा के बाद शहर का भ्रमण कर देवताओं मेलाभाटा आगमन

# रियासतकालीन 4 दिनी पारंपरिक कांकेर मेले का हुआ शुभारंभ, उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- मेलाभाटा में देव स्तंभ की पूजा कर आंगा देवता के डेढ़ बार घूमने के बाद मेला हुआ शुरू
- थाना परिसर में सभी देवी देवताओं को फूल माला से किया स्वागत

रियासितकालीन पारंपरिक कांकेर मेले का शुभारंभ 7 जनवरी को पूजा अर्चना के बाद प्रारंभ हुआ, जिसमें क्षेत्र के सभी देवी देवता के मिलन समारोह में सम्मलित हुए और सदियों से चली आ रही परंपरा के तहत मेले में विधि विधान से पूजा पाठ किया गया। मेला के पहले दिन ही जनसैलाब उमड़ पड़ा और शहर के मुख्य मार्ग में भीड़ ही नजर आई।

चार दिनों तक चलने वाले कांकेर मेले के पहले दिन कांकेर क्षेत्र के देवी देवता 11 बजे से अपने अपने मंदिरो से निकलकर शहर भ्रमण करते हुए राजमहल पहुचें जहां राज परिवार के सदस्य तथा राज परिवार के पुरोहित व अन्य सदस्यों ने आंगा देव की पूजा किया और सभी देवी देवता राजमहल से मेला स्थल की ओर प्रस्थान किए जिस अवसर पर शहर में देवी देवताओं को फूल मालाओ से जगह जगह स्वागत किया गया। कांकेर थाना परिसर में सभी देवी देवताओं को फूल माला से स्वागत कर आर्शीवाद लिया जहां से सभी देवी देवता मेला स्थल में स्थित देव स्तंभ वाली जगह पहुचें। देव स्तंभ वाली जगह में सभी देवी देवता एकत्र होंने के बाद पूजा पाठ हुआ जिसके कुछ ही समय के पश्चात मेला वाली जगह का भ्रमण कर वापस सभी देवी देवता अपने अपने मंदिरो के लिए प्रस्थान ▶▶| शेष पेज 10 पर





### मेले में झूले का आकर्षक

कांकेर मेले में तीन वर्ष पहले मौत कुआं वाले खेल में दुर्घटना जैसे स्थिति निर्मित होने के बाद से कांकेर मेले में मौत की कुआं की खेल को जगह नही दिया गया। इस मेले में झूला ही आकर्षक का केन्द्र बने हुए है। आकर्षक झूला के आलावा मेला वाली जगह में लगा ब्रेकडांस भी आकर्षक का केन्द्र बना हुआ है। बच्चों केलिए मेले में चादं तारा मिंकी मैस नचकनिया बच्चों वाली झूला में भीड़ भाड़ नजर आई। सुरक्षा की दृष्टि से मेला के चारों ओर जगह जगह पर सुरक्षा के लिए पुलिस बल व यातायात का बल भी तैनात किया गया है। पुलिस के जवान लगातार चौक चौराहों पर तैनात नजर आएं।

### कलेक्टर ने मेले का लिया जायजा



नवनियुक्त कलेक्टर अभिजीत सिंह कांकेर के रियासत मेला को देखने के लिए पहुंचे, उन्होने इस अवसर पर मीडिया से बात करते हुए कहा कि आप लोगों ने बताया कि मेले का आयोजन होने वाला है, परंपरागत मेला है। रियासतकाल से चला आ रहा है तो मन में एक जिज्ञासा थी, कि देखा जाए कि किस प्रकार से होता है, लोगो कि क्या मान्यताएं रहती है। यहाँ दिख रहा है कि लोगो की काफी भीड़ है और काफी उत्साहित है। नगरपालिका के द्वारा शौचालय व पानी की व्यवस्था किया गया है और सहायता केंद्र व कंट्रोल रूम बनाए गए है। जवानों की तैनाती भी की गई है। हमारी टीम का यही प्रयास होगा कि लोगो को किसी प्रकार कि असुविधा न हो। मेला है मेला को इंज्वाय करे, खुद इंज्वाय करे, लेकिन किसी दूसरे को असुविधा पैदा न करे।

# राम नाम की धुन से उत्साह का महौल, धनेलीकन्हार की गलियां हुईं राममय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

श्री रामजन्म भूमि अयोध्या में भगवान रामलला की 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के साथ विराजमान हो रहे है। इस पावन अवसर पर पूरे देश में उल्लास का माहौल है। विश्व हिन्दू परिषद ने इसके लिए अयोध्या से अभिमंत्रित अक्षत उपलब्ध कराया है, जिसे शीतला मंदिर कांकेर से पूरी भक्ति भावना व पूजा अर्चना कर ग्राम के शीतला मंदिर में रखा गया है।

अयोध्या की ही तरह 22 जनवरी को धनेलीकन्हार के मंदिरों को सजाया जाएगा और इस दिन पूजा अर्चना के साथ साथ हनुमान चालीसा, रामायणगान और भंडारे का आयोजन भी रखा गया है। इसके लिए ग्राम में बैठक रखी गई, जिसमें उपस्थिति ग्रामीणों ने सर्व सहमति से 21 जनवरी को पूरे ग्राम की गलियों, मंदिर परिसरो की सफाई व 22 जनवरी को ऐतिहासिक धार्मिक कार्यक्रम करने का निर्णय लिया है। इस कड़ी में 2 जनवरी से प्रतिदिन सुबह पांच बजे से प्रभात फैरी गाजे बाजे के साथ भजन गाते हुए निकाली और गांव का सुबह सुबह का माहौल भक्तिमय देखने को मिला। यह प्रभात फैरी ग्राम की गलियों का भ्रमण कर रही है, जिससे ग्राम की गलियां राम मय हो गई है।

इस अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर के भैया व बहनो ने 6 जनवरी को जय धोष करते हुए भजन गाते हुए प्रभात फैरी निकाली। इस अवसर पर भुजबल तारम, लोकेश्वर सेन, प्रेम कोमरा, गनेश्वर साहू, खेमलाल साहू, कृष्णा साहू, बिरेन्द्र मारगिया, वेद कुमार औरसा, रमेश साहू, सुनिता साहू, शावरी साहू, ईश्वर नायक, गनेश्वर बारला, लीलाबाई यादव, सुष्मिता सार्वा, जमुना मानिकपुरी, डाली पान्डेय, पुरुषोतम देहारी, सुखेन्द नायक, खेमलाल नायक, तोखराज बारला, भगवन्तीन रावटे सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# पंडरीपानी पुल पर दो बाइक भिड़ी एक चालक गंभीर व दूसरा फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



शराब दुकान के सामने मैदान की ओर से अन्नपूर्णापारा की ओर आने के लिए पुल पर बहुत तेजी से बाईक चलाकर आ रहे युवक ने सामने की ओर से आ रही बाईक को ठोकर मार दिया, जिसमें युवक गंभीर रूप से घायल हो गया वहीं दूसरा बाईक चालक जिसे चोट नहीं आई, वो भाग गया। संयोग से दुर्घटना का शिकार हुआ बाईक चालक पिकप की चपेट में नहीं आया, जिससे बड़ी घटना होते होते टल गई।

जानकारी के अनुसार 7 जनवरी की शाम लगभग साढ़े 6 बजे के आसपास शराब दुकान के सामने खाली मैदान की ओर से लाल रंग की शर्ट पहने बाईक चालक बाईक को बहुत तेज चलाते हुए पुल पर पहुँचा और सामने की ओर से आ रही बाईक को ठोकर मार दिया। ठोकर मारने वाला वहीं पर गिर गया और दूसरा बाईक चालक गिरा, परंतु वह बाईक लेकर पुलिस को देखकर वहाँ से भाग गया। एक्सीडेंट जब हुआ, उसी समय सामने से पिकप आ रही थी। पिकप के चालक ने तुरंत ब्रेक मारा जिससे सड़क पर गिरा हुआ घायल पिकप की चपेट में आने से बच गया। लाल रंग की शर्ट पहने वाला घायल बाईक चालक को ईलाज के लिए कोमलदेव जिला अस्पताल में भेजा गया, जहाँ उसका समाचार लिखे जाने तक ईलाज जारी था। घटना की खबर मिलते ही कांकेर थाना की पेट्रोलिंग टीम पहुँच गई थी, जिसने भीड़ को हटाया और रास्ता को क्लियर करवाया। मेला होने के चलते भीड़ ज्यादा है और वहीं बाईक चालक युवा बाईक को लहराते हुए चलाते हुए देर शाम को नजर आएं, इन पर किसी तरह की कार्यवाही नहीं होने के चलते इनके हौसले बुलंद नजर आएं। ऐसे समय यातायात टीम को ऐसे बाईक चालकों के शराब पीने की जाँच करनी चाहिए, परंतु ऐसे समय कोई कार्यवाही नहीं हो पाती है।




### ग्रामीणों ने नई सरकार से मरम्मत के लिए लगाई गुहार

# श्रमदान से बनी कच्ची सड़क की पुलिया बही, किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनेलीकन्हार

विकासखण्ड कांकेर के ग्राम धनेलीकन्हार में ठाकुर दाई जाने वाली कच्ची सड़क में गांव के किसानों ने श्रमदान कर बनाया था, इस सड़क की अब पुलिया के बह जाने से गाँव के करीब 60 किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा। किसानों ने मीडिया के माध्यम से नई सरकार से कच्ची सड़क और पुलिस को बनाने की गुहार लगाई है। किसानों ने कहा कि इसके लिए कांग्रेस के कार्यकाल के चौपाल में गुहार लगाई गई, परंतु कोई सुनवाई नहीं हुई।

ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत धनेलीकन्हार में दिसंबर 2022 को तत्कालीन कलेक्टर ने जन चोपाल लगाया था, जिसमें हम लोगों ने आवेदन दिया था। तत्कालीन कलेक्टर ने एक सप्ताह के अंदर स्थल निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया, जो सिर्फ आश्वासन ही रहा। इस समस्या को लेकर पूर्व विधायक को भी कई बार आवेदन दिया गया, लेकिन स्थिति आज तक जस की तस बनी हुई है। कांग्रेस सरकार के जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने आमजनता को केवल धोखा ही दिया है और ठगने का काम किया है। पाँच साल में धरातल में कोई काम नहीं हुआ है। प्रदेश में बनी नई सरकार भाजपा से किसानों की आस जगी हैं, पिछले शासन काल में जिस तरह से जन चौपाल को अधिकारियों ने मजाक बना कर रखा हुआ था उसी का नतीजा ▶▶| शेष पेज 10 पर



## पाठक सूचना

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप



### जिले के विकास को लेकर कलेक्टर से चर्चा

**धमतरी।** जिले के नवपदस्थ कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी से विधायक ओंकार साहू, महापौर विजय देवांगन, जिला कांग्रेस अध्यक्ष शरद लोहाना ने कलेक्टर कार्यालय में सौजन्य मुलाकात कर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया और जिले के विकास को लेकर चर्चा की।

### बिरेतरा संकुल केंद्र के तीन शिक्षकों को विधायक ने किया सम्मानित



**धमतरी।** बिरेतरा संकुल में पदस्थ तीन शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य के लिए विधायक ओंकार साहू ने सम्मानित किया। विधायक ओंकार साहू ने शासकीय उमावि बिरेतरा के प्राचार्य गेवाराम नेताम, व्याख्याता रोहित साहू व प्राथमिक शाला धौराभाठा के प्रधान पाठक लीलाराम साहू को नववर्ष पर श्रीफल व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया। संकुल केंद्र से तीन शिक्षकों को विधायक द्वारा सम्मानित किए जाने पर शिक्षा जगत ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

### दर्री में शिवमहापुराण सुनने उमड़ रहे श्रद्धालु



**धमतरी।** गौरीशंकर महिला मंडल एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम दर्री में शिव महापुराण कथा आयोजन 2 से 8 जनवरी तक किया गया है। कथावाचवक पंडित विष्णुप्रसाद दुबे, भानुप्रताप तिवारी बागबाहरा, कुलेश्वर दुबे, पूजा, ललित शुक्ला दर्री हैं। कथा के चतुर्थ दिवस सती चरित्र, पार्वती जन्म एवं जन्म उत्सव की कथा हुई। कथा का श्रवण करने दयाराम साहू महामंत्री प्रदेश साहू संघ छग, टोपेश्वर राम साहू, चोखेलाल, पं. विशु चक्रधारी, कांशी राम, शेखन उपसरपंच, श्रीमती रेवती कुंभकार, श्रीमती सविता साहू, तीजिया कुम्भकार, दीपा कुम्भकार, दुलेश्वरी साहू, रीना मानिकपुरी, पेमिन मानिकपुरी, सेवती साहू, धनेश्वरी चक्रधारी, अंजनी कुंभकार, परमेश्वरी साहू, भुनेश्वरी साहू, अमरीका सोरी, टिकेश्वरी साहू, शैलेंद्री चक्रधारी, डामेश्वरी साहू समेत अन्य मौजूद थे।

### कम वसूली पर सहायक राजस्व निरीक्षकों की रूकेगी वेतन वृद्धि



**धमतरी।** नगर निगम आयुक्त विनय कुमार ने निगम के सभागार में बैठक आयोजित कर राजस्व वसूली की प्रगति की समीक्षा की। निगमायुक्त ने वार्डवार राजस्व वसूली की समीक्षा कर कम वसूली करने वाले सहायक राजस्व निरीक्षकों का वेतन रोकने तथा आगे वसूली में प्रगति नहीं दिखने पर वेतन वृद्धि रोकने का निर्देश देते हुए जमकर फटकार लगाई। उपायुक्त एवं प्रभारी राजस्व विभाग पीसी सार्वा को निर्देश देते हुए कहा कि शासन के मंशानुसार निर्धारित लक्ष्य के अनुसार राजस्व वसूली सुनिश्चित करवाएं। राजस्व वसूली कार्य की प्रति दिवस समीक्षा करें ताकि शत- प्रतिशत राजस्व वसूली का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके।उन्होंने सहायक राजस्व निरीक्षक को निर्देश दिया कि अपने -अपने अपने वार्डों में जाकर प्रतिदिन वसूली करें। वसूली की प्रगति की जानकारी से राजस्व अधिकारी को अवगत करायें। उन्होंने कहा कि बड़े बकायादारों को राजस्व कर जमा करने के लिए नोटिस जारी करें। इसके बावजूद भी कर नहीं पटाया जाता है तो उनके विरूद्ध कुर्की की कार्रवाई करें।

## समारोह : संकुल स्तर पर विदाई समारोह का किया गया आयोजन

# रिटायरमेंट पर प्रधानाध्यापिका को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव




नगर के बाजारपारा में स्तिथ शासकीय माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापिका के पदस्थ रही शिक्षिका विद्या भारद्वाज को सेवानिवृत्त होने पर संकुल के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा संकुल स्तर पर विदाई समारोह आयोजित कर सम्मान पूर्वक विदाई दिया गया।

इस मौके सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापिका विद्या भारद्वाज ने अपने संबोधन में कहा कि वे शिक्षा विभाग की सेवा में सन 1989 में सहायक शिक्षिका के पद पर फरसगांव के कन्या स्कूल में पदस्थ हुई और शिक्षा विभाग में अपने 34 साल की सेवा देते हुए फरसगांव के शा. माध्यमिक स्कूल बाजारपारा में प्रधानाध्यापिका के पद पर रहते हुए 2023 के अंतिम के सेवानिवृत्त हुए । उनका मूल निवास ग्राम अर्जुनी पोस्ट लिमोरा जिला बालोद की है, लेकिन शासकीय सेवा में आने के बाद से वे फरसगांव मे रह रहे हैं। इस कार्यक्रम में जिले के उम्मीद सामाजिक संस्था के सदस्य भी शामिल हुए और उनके सेवाकाल कार्यों की प्रसन्ना कर सम्मानित किया गया। वहीं संकुल के शिक्षक शिक्षकाओं ने कहा कि विद्यालय परिवार उनके कार्यों को सदैव याद रखेगा। उनकी कुशल कार्यक्षमता व उत्कृष्ट योगदान हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। ये सेवानिवृत्त जरूर हुई हैं, पर सेवा के दायित्वों से नहीं। इनके मार्गदर्शन की हमें हमेशा अपेक्षा रहेगी। सभी लोगों ने सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापिका को पुष्पमाला पहनाकर स्मृति चिन्ह भेट कर भावभीनी विदाई दिए।

इस दौरान प्रभा सज्जल, इंद्राणी तिवारी, देवसायसलामे, पीएस नेताम, सीएससी यशवंत साहू, उदित सोनी, अशोक साहू सहित संस्था के फिरोज मेमन, डिक्की जायसवाल, भरत भारद्वज, हरीश साहू, रामकुमार भारद्वाज, चंदन नाइक सहित संकुल के सभी शिक्षक शिक्षकाएं मौजूद रहे।

# 10 गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा जाएगी आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ केंद्र सरकार की योजनाओं की देंगे जानकारी

केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने एवं इन योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत संकल्प शिविरों का आयोजन 8 जनवरी को जिले के अंतर्गत जगदलपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत बाबूसेमरा एवं बुरुंडवाड़ा सेमरा, बस्तर विकासखण्ड के तारागांव एवं सोनारपाल, दरभा ब्लॉक के पखनार-2, कटेनार एवं केलाउर तथा लोहण्डीगुड़ा विकासखण्ड के छोटेपरौदा एवं दाबपाल और बकावंड विकासखण्ड के ग्राम पंचायत छिंदगांव एवं छिंदगांव-2 में किया जाएगा। इस दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों सहित पंचायत पदाधिकारी और जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी तथा ग्रामीण विकसित भारत संकल्प शिविरों में शामिल होंगे। कार्यक्रम में केन्द्र सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने आईईसी मोबाइल वैन के जरिए प्रधानमंत्री का संदेश, योजनाओं की जानकारी और योजनाओं से संबंधित चलचित्र प्रदर्शित किया जाएगा। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों द्वारा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय, प्रधानमंत्री उज्जवला, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, हर घर जल-जल जीवन मिशन, स्वामित्व योजना, जन-धन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, अटल पेंशन योजना इत्यादि की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा योजनाओं से संबंधित पाम्पलेट, बुकलेट का वितरण भी ग्रामीणों को किया जाएगा। इस दौरान किसान क्रेडिट कार्ड प्रदाय, उज्जवला योजना, आधार कार्ड अपडेटेशन, आयुष्मान भारत कार्ड के स्टॉल लगाकर पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किये जाने आवेदन पत्र प्रतिपूरित कराया जाएगा। साथ ही प्राकृतिक खेती, स्वाईल हेल्थ कार्ड के संबंध में जानकारी दी जाएगी।

# नगर साहू समाज ने नवनिर्वाचित विधायक लता उसेंडी का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

नगर साहू समाज के अध्यक्ष प्रदीप साहू के नेतृत्व में नवनिर्वाचित विधायक लता उसेंडी का उनके गृह निवास में भेंट कर साल एवं गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सुश्री लता उसेंडी ने कहा कि देश हित एवं समाज हित को सर्वोपरि मानते हुए राष्ट्रहित में सतत कार्य करने तथा सु–ढ भारत के निर्माण में समाज की महती भूमिका होती है। इस अवसर पर नगर साहू समाज के अध्यक्ष प्रदीप साहू ,जिला उपाध्यक्ष कमलेश साहू ,प्रदेश सहसंयोजक कर्मचारी प्रकोष्ठ अशोक साहू ,संभागीय प्रवक्ता एवं जिला मीडिया प्रभारी पवन साहू, तहसील उपाध्यक्ष उमेश साहू, जिला सह सचिव विजय साहू, जिला सलाहकार निर्मल साहू, सक्रिय सदस्य गण संतोष साहू, दिनेश साहू, वीरेंद्र साहू ,अश्वनी साहू एवं नरेंद्र साहू मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# अभिनेता आशुतोष राणा के साथ मुम्बई में सम्मानित होंगे डॉ त्रिपाठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

हिंदी भाषा की विशिष्ट दीर्घकालिक सेवा के लिए देश की पांच चुनिंदा हस्तियां जिसमें, फिल्म अभिनेता आशुतोष राणा, भारत के अमेरिकी दूतावास के प्रवक्ता ग्रेग पार्डो, डॉ राजेंद्र प्रताप



सिंह चेयरमैन योगायतन ग्रुप, तथा वरिष्ठ कहानीकार डॉ. सुदर्शना द्विवेदी के साथ बस्तर के डॉ राजाराम त्रिपाठी को 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस के पावन अवसर पर पर मुंबई में हिंदी सेवा सम्मान व स्मारिका विमोचन समारोह में सम्मानित किया जाएगा। मुंबई हिंदी पत्रकार संघ के तत्वावधान में बांद्रा पूर्व स्थित उत्तर भारतीय संघ भवन में शाम 4 बजे से आयोजित एक भव्य समारोह समारोह में मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस विशिष्ट अतिथि राजस्व मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटिल कौशल विकास मंत्री मंगल प्रभात लोढा एवं सांसद मनोज कोटक के करकमलों से इन हस्तियों को विशिष्ट–पदक तथा सम्मान पत्र से सम्मानित किया जाएगा।

# चाकू लेकर धमकाया, आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

रविवार साप्ताहिक बाजार में धारदार चाकू लेकर लोगों को धमकाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी द्वारा आने जाने वालों को डराए जाने की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा। सीएसपी विकास कुमार ने बताया कि धारदार चाकू लेकर लोगों को डराने धमकाने वाले युवक के खिलाफ कार्रवाई की गई है, जो बाजार में चाकू लेकर लोगों को डरा धमका रहा था।

आरोपी हेमराज नाग 31 साल निवासी दंतेश्वरी वार्ड द्वारा लोगों को डराया धमकाया जा रहा था। इसी दौरान कुछ लोगों ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। सूचना पर एसएसपी जितेन्द्र सिंह मीणा, एएसपी महेश्वर नाग के मार्गदर्शन व सीएसपी विकास कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम गठित कर कार्रवाई के लिए रवाना किया गया। टीम के द्वारा संजय बाजार चौक में पहुंचकर संदिग्ध व्यक्ति की पहचान कर घेराबंदी कर पकड़ा गया। उसके कब्जे से एक धारदार चाकू बरामद कर जब्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। कार्रवाई में निरीक्षक लीलाधर राठौर के अलावा एसआई प्रमोद सिंह ठाकुर, प्रधान आरक्षक अनिल कन्नौजे, आरक्षक भूपेन्द्र, युवराज सिंह ठाकुर, रवि सरदार, भीगु कश्यप व विनोद खेस की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



# परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन के लिए छात्रों को दिए टिप्स

**नगरी।** शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में वाणिज्य विभाग द्वारा परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन के लिए एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन प्रभारी प्राचार्य प्रो.आरआर मेहरा के निर्देशन में हुआ। वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार देवांगन ने परीक्षा मार्गदर्शिका का पेपर पैटर्न नई शिक्षा नीति के अनुसार, पेपर पैटर्न में परिवर्तन व अंक वितरण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी छात्र–छात्राओं को दी। डॉ. दीपा देवांगन ने बताया कि परीक्षा में तैयारी के साथ स्वास्थ्य को हम कैसे बेहतर रख सकते हैं। प्रो. मोहित कुर्रे ने बताया कि परीक्षा को तनाव का विषय न बनाकर नया कुछ करने के बारे में सोचे। हिन्दी व्याख्याता डॉ. गायत्री साहू एवं कु. ओमीन निषाद ने हिन्दी विषय में मात्राओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। छात्र-छात्राओं ने भी परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन हेतु विभिन्न जिज्ञासाओं को प्रश्नों के माध्यम से दूर किया। इस दौरान प्रो. हितेशानंद ठाकुर, प्रो. लालमन बेरवंश, प्रो. कौशल नायक ने भी अपने अनुभव साझा किए।

# राइफल शूटिंग में स्वास्तिका काजल, नेहा ने साधा निशाना

धमतरी। मंजिल उन्हीं को मिलती है जिनके सपनों में जान होती है, पंखों से कुछ नहीं होता हौसलों से उड़ान होती है। इस कहावत को चरितार्थ करते हुए केंद्रीय विद्यालय धमतरी की राइफल शूटिंग टीम ने 26 दिसंबर से 1 जनवरी तक भोपाल में आयोजित 67वीं स्कूल गेम्स फेडरेशन आफ इंडिया में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण, एक रजत तथा दो कांस्य पदक प्राप्त कर इतिहास रच दिया है। देश की सर्वोच्च खेल प्रतियोगिता स्कूल गेम्स फेडरेशन आफ इंडिया में शूटिंग के लगभग 1500 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। केंद्रीय विद्यालय धमतरी की शूटिंग खिलाड़ी छात्रा स्वास्तिका सिंह ने कठिन प्रतिस्पर्धा 10 मी ओपन साईट एयर राइफल अंडर 19 बालिका वर्ग में उच्चतम स्कोर के साथ स्वर्ण पदक पर निशाना साध इतिहास रच दिया। टीम इवेंट में विद्यालय की काजल साहू के साथ शानदार प्रदर्शन करते हुए इस जोड़ी ने कांस्य पदक प्राप्त किया।

# शहर सहित गांव होने लगा राममय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी




जिले के शहर तथा गांव राममय होने लगा है। जगह-जगह मंदिरों में हनुमान चालीसा, रामायण पाठ का आयोजन हो रहा है। श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा समिति, विश्व हिन्दू परिषद, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ तथा भाजपा कार्यकर्ता हर घर पहुंचकर श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा के भव्य कार्यक्रम का न्योता दे रहे हैं। श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या प्रतिष्ठा महोत्सव समिति के दिलीपराज सोनी, नगर संयोजक विनय जैन ने बताया कि 22 जनवरी को जिले में दीपावली मनाई जाएगी। शहर सहित प्रत्येक गांव के मंदिरों में रामायण पाठ, हनुमान चालीसा का पाठ हो रहा है। हर रोज कार्यकर्ता अपने-अपने वार्डों में अक्षत कलश लेकर निमंत्रण के लिए घर-घर पहुंच रहे हैं। निमंत्रण के साथ फोटो पत्रक एवं पीला अक्षत दिया जा रहा है। 22 जनवरी को हर घर में श्रीराम दीपक जलाने, तोरण पताका लगाने तथा दीपावली उत्सव मनाने का संदेश दिया जा रहा है।

### जीजामगांव में रामायण सम्मेलन 2 फरवरी से

**जीजामगांव।** ग्रामवासियों के



सहयोग से ग्राम जीजामगांव में 2 से 4 फरवरी तक रामायण सम्मेलन का आयोजन किया गया है। 5 फरवरी सोमवार को मड़ई होगी। रात्रि में मनोरंजन के लिए मयारू मोर नाचा पार्टी लाटाबोड़ जिला बालोद पद्मश्री अवार्ड की प्रस्तुति होगी। आयोजक समिति ने बताया कि प्रतिदिन 8 से 10 बजे रात तक स्कूली छात्र-छात्राओं का संगीत कार्यक्रम होगा। रामायण मंडली के लिए प्रवेश शुल्क 151 रुपए है। मंच संचालक दीनूदास बघेल, रोशन ठेला, संतराम साहू होंगे। कार्यक्रम की तैयारी में अध्यक्ष संतराम साहू, कोषाध्यक्ष देवचरण चंद्राकर, उपाध्यक्ष रोहित साहू, सचिव अशोक साहू सहित ग्रामीणजन जुटे हुए हैं।

# कहानीकार चंद्रहास सुरता कार्यक्रम में सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरूद



विगत दिनों राजधानी रायपुर में स्मृति शेष यशस्वी साहित्यकार मेहतरलाल साहू 'गुरुजी' के सुरता कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी कहानी के कहानीकार चंद्रहास साहू को डॉ प्रभंजन शास्त्री सुरता सम्मान 2023 से सम्मानित किया गया। डॉ. बिहारीलाल साहू के मुख्य आतिथ्य एवं भाषाविद् डॉ. चितरंजन कर की अध्यक्षता में आयोजित इस सुरता कार्यक्रम में मेहतरलाल साहू के छत्तीसगढ़ी साहित्य में योगदान को स्मरण किया गया। उनकी काव्य संग्रह 'कउँआ लेगे कान ल' तथा ख्यातिलब्ध व्यंग्यकार वीरेन्द्र सरल द्वारा रचित लोक कथा संग्रह ठग अउ जग का विमोचन किया गया। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व चन्द्रहास साहू को उनके साहित्यिक अवदान के लिए ललित कला अकादमी भारत सरकार संस्कृति मंत्रालय द्वारा साहित्य पुरोधा सम्मान, प्रांतीय छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति रायपुर द्वारा केयूर भूषण सम्मान एवं अगास दीया प्रेमचंद सम्मान भिलाई तथा धमतरी की ओर से सम्मानित किया जा चुका है। इनकी रचनाएं आकाशवाणी केंद्र रायपुर तथा जगदलपुर से प्रसारित एवं विभिन्न पत्र पत्रिकाओं में निरंतर प्रकाशित होती रहती हैं। अब तक तीन छत्तीसगढ़ी कहानी संग्रह तिरबेनी, तुतारी एवं करिया अंगरेज का प्रकाशन हो चुका है जो अमेजॉन तथा फ्लिपकार्ट में विक्रय हेतु उपलब्ध है।

राजधानी में आयोजित इस कार्यक्रम में देवधर महंत, रामेश्वर शर्मा, पद्मश्री अनूप रंजन, अरुण कुमार निगम, अमित मिश्रा, ओमप्रकाश साहू, कुबेर साहू डॉ. रामकुमार साहू मयारू, पोखनलाल जायसवाल, दीपक तिवारी, डुमनलाल ध्रुव, मिनेश साहू, धनराज साहू, अजय अमृतांशु, नरेन्द्र वर्मा सहित अनेक साहित्यकार उपस्थित थे। सम्मानित होने पर धमतरी साहित्य परिवार की ओर से सुरजीत नवदीप, डॉ सरिता दोशी, आकाश गिरी गोस्वामी, भोलाराम सिन्हा, डॉ शैल चन्द्रा, राजकुमार सिन्हा, चोवाराम गंजीर, यशवंत गंजीर, हिरामन साहू, तोरणलाल साहू तथा ईष्ट मित्रों सहित स्टाफ ने हर्ष जताया है।

# कबड्डी और वालीबाल प्रतियोगिता आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखण्ड दुर्गुकोंदल ग्राम पंचायत भंडारडिग्गी के आश्रित ग्राम डांगरा में दो दिवसीय कबड्डी वालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन 8 एवं 9 जनवरी को किया गया है। कबड्डी वालीबाल प्रतियोगिता महिला एवं पुरुष वर्ग के लिए आयोजित किया गया है।

आयोजन समिति के संरक्षक बृजलाल मरकाम, रमेश नरेटी, बृजलाल टोपा, अध्यक्ष ग्राम पटेल राम नरेटी, सचिव तोपां चमेली सलाम, कोषाध्यक्ष राजेंद्र नरेटी, भारती तमेर, खोरिन नेताम, सह सचिव सतवनीन पटेल, सीमा नरेटी, अशोक नरेटी, ग्राम गायता अंकाल सिंह नरेटी, हीरू राम नरेटी, चंदूराम नेरेटी ने बताया है कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम डांगरा में कबड्डी वालीबाल एवं क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन ग्रामीणों के तत्वाधान में आयोजित किया गया है। पुरुष वर्ग में पुरस्कार प्रथम 10000 रूपए, द्वितीय 6000 रूपए रखा गया हैं एवं महिला वर्ग में प्रथम 5000 रूपए, द्वितीय 3000 रूपए एवं अन्य पुरस्कार रखा गया हैं। कार्यक्रम का विधानसभा क्षेत्र भानुप्रतापपुर के विधायक सावित्री मनोज मंडावी के अतिथि में संपन्न होगा।

# चावल की चोरी करते पकड़ाया शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

वनांचल के ग्राम खल्लारी में एक शिक्षक चावल चोरी करते रंगेहाथ पकड़ा गया। सरपंच ने इस मामले को ग्रामसभा के समक्ष रखा, जहां पर शिक्षक के विरूद्ध कार्रवाई के लिए प्रस्ताव पारित किया गया। कार्रवाई के लिए कलेक्टर को आवेदन पत्र भी दिया गया है। मामला रिजर्व फारेस्ट क्षेत्र के ग्राम पंचायत खल्लारी का है। यहां पर लंबे समय से माध्यमिक स्कूल के एक शिक्षक द्वारा चावल चोरी किए जाने की



शिकायत मिल रही थी। शिक्षक स्कूल में मध्यान्ह भोजन के लिए आए चावल को अपने घर में खाने के लिए ले जाता था। इस चावल को केवल वह नहीं पूरा परिवार खाता था। शिकायत पर सरपंच तुलाराम नेताम और उपसरपंच महादेव मरकाम ने निगरानी की और शिक्षक को चावल चोरी करते रंगेहाथ पकड़ा। शिक्षक अपनी मोटरसाइकिल पर एक कट्टा चावल ले जा रहा था। चोरी पकड़े जाने के बाद इस मामले को 6 जनवरी को ग्रामसभा के समक्ष रखा गया। जहां पर शिक्षक के विरूद्ध कार्रवाई के लिए सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। ग्रामसभा के दौरान पंच रूपसिंग मरई, लक्ष्मीनाथ, हेमकृष्ण, दिनेशकुमार, उर्मिलाबाई, शांतिबाई, श्रीमती तुलाबती, सुगनबाई, गंगाबाई, श्रीमती लच्छन्तीन, श्रीमती अगरदेवी सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### ग्राम पटेल संघ के बलराम अध्यक्ष बने

**कोर्रा(भखारा)।** भखारा तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम पटेल संघ का चुनाव भखारा में हुआ। अध्यक्ष बलराम साहू सुपेला, सचिव घनाराम साहू कचना, कोषाध्यक्ष गुरुदयाल साहू भेंडरवानी, उपाध्यक्ष शंभू चंद्राकर सेनचुआ, सहसचिव श्याम सुंदर जुगदेही, संगठन मंत्री रोशन सिंह सिलघट, प्रचार मंत्री बिसौहा साहू बागतराई, संरक्षक गणेशराम, शिवप्रसाद, जगदीश कमड़े बनाए गए हैं। कार्यकारिणी सदस्यों में जीवनलाल, भागवत चंद्राकर, सुनीति बाई, शंकरलाल, खेमलाल, नंदलाल, रामसेवक कंवर शामिल हैं। यह जानकारी सेवक राम कंवर भखारा ने दी है।

## पेज 9 के शेष

### रियासतकालीन 4 दिनी...

किया। इस दौरान भी देवी देवताओ को मोहल्लों में पैर धोकर आर्शीवाद लिया। नए साल के शुरूआत में प्रारंभ होने वाली आसपास क्षेत्र और जिला मुख्यालय का सबसे बडा मेला और रविवार से प्रारभं होने के कारण मेला का पहला ही दिन काफी भीड़ नजर आई। कांकेर मेला का स्थल में जगह कम होने के कारण लोगो को दिक्कते का सामना भी करना पड रहा है। गांधी उद्यान से लेकर कन्या शाला तक मेला के लिए दुकाने सजी हुई है। कलेक्टोरेट मार्ग पर भी दुकानें सजी है, उसके बाद कई लोगो को दुकान लगाने की जगह नही मिल पा रही थी।

**राजमहल पहुंचे सभी देवी-देवता-** राजपरिवार के सदस्य ने बताया कि मेला एक पारम्परिक त्यौहार है। मेला मंडई कांकेर आगमन से चालू होता है, जो कि मेले मनाने का मुख्य कारण गांव के लोग शहर के लोग सुख और समर्पित रहे। किसी प्रकार से उनकों परेशानी न हो। मेला से पहले सभी देवी देवता राजमहल में आकर राजमाता से भेंट किए, जिसके बाद सभी देवी देवता मेला में पहुंचते है। मेला में सर्वप्रथम देव स्तंभ की पूजा कर डेढ़ बार घूमते है, जिसके बाद मेला चालू होता है। मेला में हर बार की तरह इस बार भी विदेशी पर्यटक पहुंचे है, जो मेला का आनंद ले रहे है।

### श्रमदान से बनी कच्ची...

यह हुआ कि प्रदेश में सरकार ही बदल गई। अब नई सरकार से किसानो की आस बंधी हुई है और लगने लगा है की अब समस्या का समाधान हो जाएगा। पीड़ित व पीड़ा बताने वाले किसानों में समधर नरेटी, सूकाल फरदीया, मनसा राम साहू, व्यास साहू, खेमलाल साहू, असमत भोयर, ललेशर कोठवार, लोकेश्वरी रावटे, हिरामन चुरगिया, सुभाष सलाम, संध्या लाटिया शामिल है।

### घायल की मौत बाइक...

कर दिया था। ईलाज के लिए रायपुर के अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां ईलाज के दौरान मौत हो गया। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ धारा 304 (ए) आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया है।

## खड़का संकुल में हुआ कहानी कथन उत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

प्राथमिक शाला मधोता संकुल खड़का में समग्र शिक्षा अभियान एवं लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन द्वारा कहानी कथन उत्सव का आयोजन किया गया। कहानी कथन उत्सव का मुख्य उद्देश्य बच्चों के परिवेश से जुड़ी हुई कहानी को एकत्रित कर कक्षा पहली, दूसरी व तीसरी के बच्चों के साथ कार्य करने एवं स्थानीय कहानी को संग्रह कर बच्चों के शैक्षिक उपयोग तथा सामाग्री निर्माण में मदद मिल सके। साथ ही बच्चों में अभिव्यक्ति कौशल बढ़ सके, बच्चों के संस्कृति एवं परिवेश से जुड़ी कहानी को एक पुस्तक का रूप देकर सभी बच्चों तक पहुंचाया जाए। संकुल खड़का के 6 प्राथमिक शालाओं से 10-10 बच्चे एवं शिक्षक व स्थानीय जन प्रतिनिधि, कहानीकार एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जनों की उपस्थिति रही। स्थानीय कहानीकार द्वारा बच्चों को अलग-अलग स्थानीय कहानी हाव-भाव के साथ आनंदमय तरीके से सुनाया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत मधोता के सरपंच कुंतला भंडारी, उप सरपंच जयदेव यादव, खंड शिक्षा अधिकारी बस्तर अरुण देवांगन, बीआरसी राजेंद्र सिंह ठाकुर, शैलेंद्र तिवारी, सीएसी कृष्णा सिंह ठाकुर, नींव बहुभाषी शिक्षा कार्यक्रम खंड समन्वयक भारत साहू, संकुल प्राचार्य श्याम लाल नेताम, शिक्षक विद्यानंद, चंद्रिका मौर्य, नड़गू कश्यप, प्रियंका सिंह, विष्णु बघेल, सुमेश बघेल, हिरेन्द्र देवांगन, राजेन्द्र सिंह, जेआर कश्यप, पूरन नाग, हितेश कुमार पोटाई की उपस्थिति एवं सहयोग से कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

## गुंजन संगीत समूह का 15 को कार्यक्रम



**जगदलपुर।** गुंजन संगीत समूह ने नूतन वर्ष पर संगीत मय सभा समूह की सदस्य नंदा कोलकोटवार के निवास पर हुई। सदस्यों ने संगीत की महत्ता पर सार्थक चर्चा की। आगामी 15 जनवरी को वृहद कार्यक्रम किया जाना है इस पर प्रकाश डाला गया। समूह का उद्देश्य संगीत की बारिकियों और सरल सहज गीत, गीतकार संगीतकार की लेखनी गायन को युवा मानस तक पहुंचाना है। सभा के अंत में मेलोडियस संगीत के रचयिता आरडी बर्मन की पुण्य तिथि में उनको श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान डा सुषमा झा, आभा, अभय सामदेकर, वंदना राठौर, संजीव शील, पी. किरन, ऋतु त्रिवेदी शामिल थे।

## सीआरपीएफ 231वीं वाहिनी का सिविक एक्शन प्रोग्राम




**गीदम।** 231वीं वाहिनी केरिपुबल द्वारा अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र ग्राम जगरगुण्डा में पुलिस महानिरीक्षक छत्तीसगढ़ सेक्टर के दिशा-निर्देशों के अनुसार विकास कठेरिया पुलिस उप-महानिरीक्षक केरिपुबल रेंज दंतेवाड़ा के मार्गदर्शन में और सुरेंद्र सिंह कमाण्डेंट 231वीं बटालियन के नेतृत्व में सिविक एक्शन प्रोग्राम और मेडिकल कैंप का आयोजन किया। इस कैंप का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण जनता को जरूरी सुविधाएं और संसाधन प्रदान करना तथा उनके स्वास्थ्य की जांच कर आवश्यक दवाईयां उपलब्ध कराना था। कार्यक्रम में ग्राम जगरगुण्डा, तरलागुड़ा आश्रमपारा, स्कूलपारा, कुंदेड़, बेदरे एवं एलमपल्ली के निवासियों को मच्छरदानी, सोलर स्ट्रीट लाइट्स, बच्चों के लिए किताबें, नोटबुक्स, पेन तथा युवाओं के लिए बैट, बॉल, कैरम बोर्ड, वॉलीबॉल, फुटबॉल और बैडमिंटन आदि खेल सामाग्री बाटी गई। इसके साथ ही स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिससे ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हे आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराई गई। सिविक एक्शन प्रोग्राम में सहायक कमाण्डेंट हरीकेश नाथ, चिकित्सा अधिकारी डॉ. रवि प्रकाश सोनकर, अधीनस्थ अधिकारी, थाना जगरगुण्डा के थाना अध्यक्ष, जवानों समेत गांव जगरगुण्डा के सरपंच और लगभग 300 स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। सुरेन्द्र सिंह कमाण्डेंट 231वीं बटालियन ने ग्रामीणों को यह संदेश दिया कि हम युवाओं के समग्र विकास के लिए खेल कूद की सामग्री व शैक्षणिक सामग्री इस दूरस्थ इलाके में उपलब्ध करवाकर हम लोग बच्चों एवं युवाओं के समग्र विकास के लिए प्रयासरत है। इस कार्यक्रम का आयोजन ग्रामीणों के साथ मिलकर उनकी दैनिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए किया गया है। इस प्रकार के विकासात्मक कार्य से सुरक्षा बलों एवं ग्रामीणों के मध्य रिश्ते और प्रगाढ़ होंगे और विकास एवं शांति की भी राह प्रशस्त होगी।

### मुख्य अतिथि के रुप में जनपद पंचायत अध्यक्ष अंती वेक हुई शामिल

# विकसित भारत संकल्प यात्रा कारली पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन गीदम ब्लॉक के ग्राम पंचायत कारली में हुआ। जनप्रतिनिधियों, अतिथियों व ग्राम के समस्त नागरिकों के द्वारा रथ का स्वागत किया गया।

उसके बाद मां दंतेश्वरी, छत्तीसगढ़ महतारी, मां सरस्वती के पूजन, राज्य गीत व बच्चों के स्वागत नृत्य के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। उसके बाद रथ में लगे एलईडी के माध्यम से ग्राम पंचायत के समस्त नागरिकों को प्रधानमंत्री का रिकार्डेड संदेश, विकसित भारत संकल्प, वीडियो का प्रसारण, मेरी कहानी-मेरी जुबानी, सतत कृषि गतिविधियाँ, बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, ऑनस्पाट क्विज आदि के साथ ही ग्राम पंचायत स्तर पर शत प्रतिशत पूर्ण योजनाओं का उत्सव मनाया गया। कार्यक्रमों में आधार सीडिंग, आयुष्मान कार्ड, कृषकों को ड्रोन व नैनो उर्वरक तकनीकी की जानकारी दी गई। पोस्ट ऑफिस, बैंकिंग व कृषि बीमा संबंधी सुविधाओं, पेंशन आदि की जानकारी एवं पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ देने के लिए विभिन्न विभागों के स्टाल लगाए गए तथा विभागीय नोडल के द्वारा क्रमबद्ध अपने-अपने विभाग की संचालित योजनाओं की जानकारी मंच से दी गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में सुश्री अंती वेक जनपद अध्यक्ष गीदम शामिल हुई। उन्होंने केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी तथा उन योजनाओं के लाभ के बारे में बताया तथा सभी पात्र हितग्राहियों को पीएम आवास, उज्जवला गैस, किसान क्रेडिट कार्ड, आयुष्मान कार्ड की उपयोगिता के बारे में बताया तथा सभी पात्र ग्रामीणों से उन्होंने शासन की समस्त योजनाओ का लाभ लेने की अपील की। कार्यक्रम में जनपद सदस्य व गीदम भाजपा मण्डल के अध्यक्ष राजेश कश्यप विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने मौजूद ग्रामीणों के साथ जन संवाद किया तथा उन्होंने भी अपने उद्बोधन में विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य केंद्र सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों को केन्द्र सरकार की संचालित योजनाओं से जोड़ना और उससे लाभान्वित करने की बात कही। उन्होंने बताया कि इस क्रम में लाभार्थियों को मौके पर ही विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इस दौरान पूर्व में योजनाओं से लाभ प्राप्त किए लाभार्थियों के जीवन स्तर में कितना सुधार आया इस संबंध में उनके अनुभव भी साझा किए गए। केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से लाभार्थियों के जीवन स्तर में कितना सुधार हुआ उनकी कहानी उनकी जुबानी के क्रम में उनके अनुभव को भी उपस्थित लोगों ने सुना। तथा अतिथियों के द्वारा केन्द्र की योजनाओं से जुड़े पीएम आवास, कृषि ऋण पुस्तिका लाभार्थी पत्र, उजवला गैस कनेक्शन, वार्षिक कैलेंडर, प्रशस्ति पत्र आदि का वितरण मौके पर किया गया। इस दौरान जनपद सदस्य लक्ष्मीनाथ यादव, मानबती यादव उपसरपंच मेहतर राम यादव, पुष्पा गिल, किरण सिंह, मंगल यादव, दिनेश कौशल, अरविंद कुंजाम, प्राचार्य खेदूराम ठाकुर, संकुल समन्वयक दीपक शास्त्री, इनोर राम कोवासी, बीके देवांगन रामचरण यादव, ग्राम पंचायत कारली के सभी वार्ड पंचगण वा कारली के शिक्षक, कर्मचारी, ग्रामीण, बच्चे उपस्थित थे।

## क्रिकेट स्पर्धा में राम राज्य ने कृषि कॉलेज को हराया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

खेल एवं युवक कल्याण विभाग के तत्वावधान में जिला स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच के मुख्य अतिथि नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष संजय पांडे एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रकाश सर्वे उपस्थित थे। पहला मैच राम राज्य विरुद्ध कृषि कॉलेज के बीच खेला गया। जिसमें राम राज्य ने कृषि कॉलेज को 5 विकेट से हराया। दूसरा मैच इरिकपाल विरुद्ध इच्छापुर के बीच खेला गया इस मैच में इरिकपाल ने 35 रन से विजय प्राप्त की। दूसरे दिन पहला मैच यूनिक इलेवन विरुद्ध गंगामुंडा के बीच खेला गया। यूनिक इलेवन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 47 रन से विजय प्राप्त की। दूसरा मैच नाइट राइडर विरुद्ध अघनपुर के बीच मैच खेला गया।

रोमांचक मुकाबले में नाइट राइडर्स ने 9 रन से विजय प्राप्त की। इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहायक संचालक राजेंद्र डेकाडे, राजकुमार महतो, जोगेंद्र ठाकुर, सुनील पिल्ले, वेद प्रकाश सोनी, कोटेश्वर नायडू, चंद्रमोहन वर्मा, अविनाश सेठ, अविनाश, मनोज साहू, अविनाश माने, अभय माने, विश्व मोहन मिश्रा समेत बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

## मुख्य महाप्रबंधक एनएमडीसी के हाथों हुआ नए भवन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल



लौहनगरी किरंदुल में एनएमडीसी किरंदुल दंतेवाड़ा क्षेत्र में कार्यरत ठेकेदार ऑन के संगठन किरंदुल कॉन्टैक्टर वेलफेयर एसोसिएशन के नए भवन का लोकार्पण एनएमडीसी मुख्य महाप्रबंधक किरंदुल कंपलेक्स पद्मनाथ नाईक, विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष मृणाल राय, एनएमडीसी मुख्य महाप्रबंधक वर्क किशन आहूजा, आईसीएल मित्तल निप्पों स्टील इंडिया लिमिटेड के महाप्रबंधक बीर राज बेलू, एनएमडीसी उप प्रबंधक सिविल टीएस रामनाथ, पर्शनल हेड बी. माधव के गरिमाई उपस्थिति में किया गया।

इस कार्यक्रम में एनएमडीसी परिसर में कार्यरत, किरंदुल, बचेली व दंतेवाड़ा के अनेक ठेकेदार शामिल हुए। कॉन्टैक्टर एसोसिएश के सचिव बिपलब मलिक ने कहा है कि आज हमारे किरंदुल कॉन्टैक्टर वेलफेयर एसोसिएशन के सभी सदस्यों के लिए गर्व की बात है कि आज हमें अपना खुद का भवन मिला है, जिसमें हम हमारे संगठन को अच्छे से संचालित कर सकेंगे। हमारे ठेकेदार साथी विषम परिस्थितियों में कार्य करते हैं और समाज के हर दुख सुख में हर वर्ग के साथ खड़े रहते हैं। हमारे ठेकेदार साथियों के हर मौके पर संगठन उनके साथ है। कार्यक्रम में केए पापाचंद, हरिशंकर मुखर्जी, आरसी प्रसाद, विजय सोढ़ी, नागेश, बाबूराव, शरद मिश्रा, अमरीक सिंह, सुरेंद्र नायर, जोविंस पापाचंद, नवीन राय, निताई पाल अनेक ठेकेदार उपस्थित थे।

### जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को दिलाया विकसित भारत का संकल्प

## जिले के अंदरूनी ग्राम पंचायतों में पहुंचा प्रचार वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शासकीय योजनाओं की प्रचार वाहन शुक्रवार को कलेक्टर विजय दयाराम के.के मार्गदर्शन में जिले के अंदरूनी ग्राम पंचायतों में पहुंची।

जिसके अंतर्गत बस्तर विकासखंड के मुरकुची, विश्रामपुरी और फरसागुड़ा, दरभा विकासखंड के चंद्रगिरी एवं मामड़पाल, जगदलपुर ब्लॉक के बिलौरी, आसना और आड़ावाल तथा लोहण्डीगुड़ा विकासखंड के बिंता एवं भेजा सहित बकावंड ब्लॉक के मंगनार एवं खोटलापाल में एलईडी वैन पहुंची और केन्द्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं की जानकारी देने हेतु इन स्थानों पर विकसित भारत संकल्प शिविरों का आयोजन किया गया।

इन संकल्प शिविरों में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उत्साहपूर्वक शामिल हुए। इस मौके पर जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को विकसित भारत बनाने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में राजस्व, खाद्य, कृषि, स्वास्थ्य, पशुधन विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, सहकारी बैंक के द्वारा स्टॉल लगाकर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित किया गया। संकल्प यात्रा कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति दी गई। साथ ही एलईडी वैन के माध्यम से शासन की योजनाओं सम्बन्धी जानकारी तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत संकल्प सन्देश को ग्रामीणों ने तन्मयता से सुना।

इस मौके पर कार्यक्रम स्थल में विभिन्न विभागों द्वारा जनसाधारण को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने हेतु स्टॉल भी लगाया गया। जिसमें कृषि के साथ ही पशुपालन, मत्स्यपालन, उद्यानिकी विभाग द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड बनाने का कार्य किया गया। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में आयुष्मान कार्ड प्रदाय, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने के लिए पात्र व्यक्तियों से आवेदन पत्र भरवाया गया। वहीं इन योजनाओं से चयनित हितग्राहियों

## फरसागुड़ा संकुल में मना कहानी तिहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

बस्तर ब्लॉक के फरसागुड़ा संकुल अंतर्गत प्राथमिक शाला पदरपारा में कहानी तिहार मनाया गया। कहानी तिहार का बच्चों ने भरपूर आनंद लेते हुए अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

इस कहानी उत्सव में संकुल स्तर के 6 प्राथमिक शालाओं से 10-10 बच्चे एवं शिक्षक व स्थानीय जन प्रतिनिधि, कहानीकार उपस्थित रहे। स्थानीय कहानीकार द्वारा बच्चों को अलग-अलग स्थानीय कहानी रोचक व आनंदमय तरीके से सुनाया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी कहानीकार को साल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सरपंच मुंगयीं बघेल, विकास पाठक संकुल प्राचार्य, संजीव शर्मा संकुल समन्वयक, गोकुल दीवान बहुभाषी कार्यक्रम समन्वयक, अशोक खलखो, नीलमणी तिग्गा, उमाशंकर साहू, प्रशांत देवांगन, कमल किशोर साहू, स्मिता टोप्पो, कल्पना बैध, गीता गुणा, भारती नागे, पद्मा बंछोर, अलीम अंसारी, प्रमिला कश्यप, निशा यादव, प्रेमकुमारी चौधरी, शकुंतला नाग, कारी नाग, गणेश पंत, स्कूलीं बच्चे व ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

एकता हॉस्पिटल एवं पैथालॉजी सेंटर
सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल धमतरी
बिजली ऑफिस, नहर के पास, रायपुर रोड धमतरी
मो : 7067576396, 8319272982
आईसीयू, एम्बुलेंस व डिजिटल एक्सरे सुविधाएं 24 घंटे उपलब्ध
डॉ. अभिषेक लॉज एम.एस. ऑर्थो (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
डॉ. नरेश देवांगन एमबीबीएस, न्यूरो सर्जन (मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ)
डॉ. गौरव त्रिपाठी कार्डियोलॉजिस्ट
डॉ. मुरारी वशानी डेंटल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जन
डॉ. यतीन देवांगन प्लास्टिक सर्जन
डॉ. उत्कर्ष नंदा एम.एस.सर्जन (जनरल सर्जन)
डॉ. एस.दास एमबीबीएस, एमडी (मैडीसिन विशेषज्ञ)
आयुष्मान भारत से इलाज की सुविधा उपलब्ध
डॉ.आकाश अग्रवाल यूरोलॉजी

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : ... मो. 9406004581
बिलासपुर : ... मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

### निधन

## अनिल कुमार शर्मा



**जगदलपुर।** शहर के गंगानगर वार्ड निवासी स्व. राधा मोहन शर्मा के पुत्र 38 वर्षीय अनिल कुमार शर्मा का 6 जनवरी की रात्रि 8 बजे स्थानीय एमपीएम अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। वे शिक्षक संजय शर्मा के भाई थे। उनका अंतिम संस्कार 7 जनवरी को स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। इस पर विश्वकर्मा मय (बढ़ई), मनु (लोहार) कल्याण संघ छत्तीसगढ़ प्रदेश एवं विश्वकर्मा समाज उत्थान समिति बस्तर संभाग के पदाधिकारियों और सदस्यों ने श्रद्धांजलि दी। साथ ही भगवान से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा एवं उनके परिवार को शांति प्रदान करें।

## मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा




भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छग रायपुर के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा निर्वाचन-2024 को दृष्टिगत रखते हुये फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1 जनवरी 2024 के संबंध में कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। उक्त निर्देश के परिपालन में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2024 कार्यक्रम के संबंध में एवं मतदाता सूची एवं फोटोरहित मतदाता सूची की सीडी निःशुल्क प्रदाय करने के संबंध में 5 जनवरी 2024 को संयुक्त जिला कार्यालय दंतेवाड़ा के डंकनी सभाकक्ष दंतेवाड़ा में बैठक आयोजित किया गया। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1 जनवरी कार्यक्रम के अनुसार 6 जनवरी को एकीकृत मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन एवं सेवा निर्वाचक मतदाताओं का प्रकाशन किया जावेगा। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2024 कार्यक्रम अनुसार 6 से 22 जनवरी तक प्रत्येक मतदान केंद्र में मतदाता सूची में नाम जोड़ने, मतदाता सूची में विलोपन कराने, संशोधन एवं स्थानांतरण कराने हेतु दावा आपत्ति प्राप्त किया जाएगा। 13 एवं 14 जनवरी को मतदान केन्द्रों में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने हेतु आवश्यक फार्म भी उपलब्ध कराया गया। आयोग के निर्देशानुसार मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को निःशुल्क मतदाता सूची एवं फोटो रहित मतदाता सूची की सीडी. एवं सेवा निर्वाचकों की सूची उक्त बैठक में प्रदाय किया गया।

## खबर संक्षेप

### अधेड़ की बाइक चालक की लापरवाही से मौत

**कांकेर।** कांकेर थानांतर्गत 28 नवंबर कि शाम 7 बजें घड़ी चौक कांकेर के पास हुई सड़क दुर्घटना में माहुरबंदपारा निवासी 45 वर्षीय मनोज पटेल पिता शंकर पटेल की मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि मृतक ने स्वयं वाहन क्रमांक सीजी 07 एफ 2067 को लापरवाही पूर्वक चलाते हुए एक्सीडेंट किया दिया। गंभीर चोट आने की वजह से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ धारा 279, 304 (ए) आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### सुखदेव पातर हल्बा की पुण्यतिथि कल मनाएंगे

**दुर्गुकोंदल।** दुर्गुकोंदल ब्लॉक के आदिवासी हल्बा समाज गढ़ लोहत्तर के द्वारा 09 जनवरी को गढ़ लोहत्तर के आश्रित पालीग्राम एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. सुखदेव पातर हल्बा की कर्मभूमि ग्राम भेलवापानी में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। आजादी के लड़ाई में महत्वपूर्ण योगदान को जन जन तक पहुँचाया जाएगा और सुखदेव पातर को श्रद्धांजलि दिया जाएगा, जिसकी तैयारी में युवा प्रकोष्ठ एवं गढ़ लोहत्तर के सगाजन जुटे हुए है।

### सेवानिवृत कर्मचारियों का शाल व श्रीफल से सम्मान

**चारामा।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ शाखा चारामा द्वारा कर्मचारी भवन में शिक्षक भुनेश्वर मंडावी और सहसचिव घासीराम केमरो के सेवानिवृत होने पर संगठन द्वारा शाल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर दोनो ने अपने जीवन की शैक्षणिक गतिविधियों पर विस्तार से बताया। शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष जौहर सिंह ठाकुर एवं संभागीय संगठनमंत्री हरिओम द्वारा संगठन के प्रति कार्यों को सराहा गया। इस अवसर पर जिला सचिव पेशीराम कुंजाम, जिला सहसचिव सुनीता वाल्मिकी, तहसील अध्यक्ष कांतेश्वरी तेता, तहसील सचिव चमन सिन्हा, ब्लाक कोषाध्यक्ष चिंताराम बनपेला, ब्लाक सचिव केके पम्मार, बी डेनियल, थानसिंह नेताम, दिनेश साहू व शिक्षक-शिक्षकाएं उपस्थित रहे।

### दोडदे में डे नाइट कबड्डी व वॉलीबाल स्पर्धा 12 से

**दुर्गुकोंदल।** ग्रामीण स्तरीय तीन दिवसीय प्रो कबड्डी एवं वॉलीबॉल प्रतियोगिता विकासखण्ड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत खुटगांव के आश्रित ग्राम दोडदे में 12 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष संग्राम टेकाम, उपाध्यक्ष दुकाल सिंह नरेटी, मीनाक्षी उसेंडी, सचिव राजकुमार नेताम, रजलाल नेताम, सह सचिव सगराम आचला, ऋतु नेताम ने बताया है कि हर वर्ष के भांति इस वर्ष में ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता ग्रामीणों के तत्वाधान में तीन दिवसीय वालीबाल, कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई है। प्रतियोगिता बालक वर्ग में प्रथम पुरस्कार 15555 रूपए एवं ट्रॉफी, द्वितीय पुरस्कार 8555 रूपए एवं ट्रॉफी, ततीय पुरस्कार 4555 रूपए एवं ट्रॉफी, चतुर्थ पुरस्कार 2555 रूपए एवं ट्रॉफी व महिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार 5555 रूपए एवं ट्रॉफी, द्वितीय पुरस्कार 3555 रूपए एवं ट्रॉफी, तृतीय पुरस्कार 2555 रूपए एवं ट्रॉफी, चतुर्थ पुरस्कार 1555 रूपए एवं ट्रॉफी रखा गया हैं। इसके अलावा विशेष पुरस्कार कबड्डी में बेस्ट रेडार, बेस्ट कैचर, बेस्ट ऑलराउंडर, वालीबाल में बेस्ट साटर, बेस्ट डिफेंसर, बेस्ट ऑल राउंडर को दिया जाएगा।

### यूनियन बैंक की कार्य प्रणाली पर पेंशनर संघ ने जताई नाराजगी

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ पेंशन धारी कल्याण संघ के अध्यक्ष एवं उप प्रांताध्यक्ष के.के द्विवेदी, उपाध्यक्ष जीएस पांडेय, एचवाय कुकडे, आनंद भदौरिया, जी.शाही एवं पदुमनाथ निषाद यूनियन बैंक में पेंशनर खाते का पासबुक लेने पहुंचे। काम पर टाल मटोल, छोटे-छोटे काम के लिए बुजुर्ग पेंशनरों को बार-बार बुलाने पर नाराजगी व्यक्त करते बैंक शाखा के सामने धरने पर बैठने की बात कही। शाखा प्रबंधक से यूनियन बैंक में दूसरे बैंकों की तरह पेंशनर मीट बुलाने का निवेदन किया गया। जिस पर शाखा प्रबंधक ने आश्वासन दिया।

# सरोना रासेयो शिविरार्थियों के विविध कार्यक्रमों की ग्रामीणों ने की सराहना

**बौद्धिक परिचर्चा में अधिकारी हुए शामिल**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नरहरपुर

शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरोना के तत्वाधान में सात दिवसीय विशेष राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का समापन हुआ। शिविर के माध्यम से गांव में दीवार लेखन, ग्रामीण स्वच्छता, नल की सफाई दिवस, दीवाल की पुताई, ग्राम संपर्क, बौद्धिक चर्चा में विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा ज्ञान की वृद्धि की गई। ग्रामीणों ने कैडेट्स के कार्यो की सराहना किया। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष ऐनबत्ती कोराम, अध्यक्षता ग्राम सरपंच लता नेताम, विशिष्ट अतिथि शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरोना प्रबंधन समिति अध्यक्ष ईश्वर सिंह मांडवी, ग्राम पटेल चित्रा राम पटेल, शाला समिति अध्यक्ष दिनेश सूर्यवंशी, महामंत्री भाजपा मंडल टिकेश्वर सिंह तथा प्रधान पाठक प्रेम सिंह नेताम, कार्यक्रम अधिकारी भूपेंद्र कुमार सिन्हा के द्वारा वाचन किया गया। स्वयंसेवक प्रकाश साहू तथा सुजाता सलाम द्वारा छात्र प्रतिवेदन पढ़ा गया। शिविर में प्रतिदिन योग की कक्षाएं संचालित की गई, जिसमें आचार्य फणीश्वर शर्मा द्वारा योग की कक्षाएं ली गई। शिविर का थीम नशा उन्मूलन के लिए युवा था, जिसमें स्वयंसेवाकों के द्वारा नाटक के माध्यम से सजकता जागरूकता का विशेष अभियान चलाया गया। जैविक खेती की प्राथमिकता के लिए नृत्य नाटक के माध्यम से प्रचार किया गया। शिविर के समापन अवसर पर गांव की ओर से ग्राम और कर्मचारियों अधिकारियों के लिए भोज का भी आयोजन किया गया।



**मिला सहयोग**

शिविर शुभारंभ से लेकर समापन तक ग्राम पंचायत एवं सभी प्रभुजनों, स्कूल के शिक्षक को शिक्षकों का विशेष सहयोग रहा। शाला के प्रधान पाठक प्रेमसिंह नेताम तथा दलेश्वरी सिंहा के द्वारा सात दिवस सहयोग प्रदान किया। समापन कार्यक्रम का संचालन सतीश प्रकाश शर्मा एवं आभार प्रदर्शन प्रदीप कदम के द्वारा किया गया।

**कार्यक्रम :** प्रशिक्षण में छात्र-छात्राओं एवं किसानों ने क्षेत्र का भ्रमण किया व तकनीकी से अवगत कराया गया

# कृषि उद्यमिता विकास प्रशिक्षण में आय के साधनों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

■ फसलों के उत्पादन एवं मार्केटिंग प्रक्रिया की किसानों एवं विद्यार्थियों को विस्तार से बताया

राष्ट्रीय कृषि विपणप संस्थान जयपुर के संयुक्त तत्वाधान में कांकेर के कृषि विज्ञान केन्द्र में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया था। तीन दिवसीय कृषि उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम 5 से 7 जनवरी तक चला।

कृषि विज्ञान केंद्र में तीन दिन तक चलने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम में 12 विषय विशेषज्ञों ने विभिन्न विषयों के माध्यम से कृषि एवं पशुपालन के क्षेत्र में आय के साधनों की चर्चा किया।

प्रथम दिवस में डॉ. बीरबल साहू ने छात्र छात्राओं एवं किसानों को कृषि के उत्पादन, मार्केटिंग एवं सेवाओं को विस्तार से बताया। डॉ. उपेन्द्र नाग ने मशरूम की खेती से होने वाले आर्थिक आय को, ज्ञानेश्वर साहू ने किसानों के लिए इंटरनेट की महत्ता एवं डॉ. कोमल सिंह ने कृषि अवषेशों के प्रबंधन पर चर्चा किया। प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस में हानेन्द्र कुमार साहू ने विभिन्न मोबाईल एप की जानकारी दी, जो किसानों के लिए उपयुक्त है। पशु चिकित्सा डॉ. धर्मेन्द्र कुमार कुर्रे ने पशुपालन में होने वाली बिमारियों एवं उनके रोकथाम के उपाय बताए।

डॉ. सी एल ठाकुर ने कृषि के क्षेत्र में होने वाले समन्वित कृषि पद्यति को विस्तार से समझाया, डॉ. किरण कुमार नागराज ने बहुस्तरीय खेतों से होने वाले लाभ को साझा किया एवं डॉ. छत्रपाल पुहुप ने पोषित बागवानी को समझाया। प्रशिक्षण के दौरान छात्र-छात्राओं एवं किसानों को क्षेत्र भ्रमण कराया एवं नई तकनीकी से अवगत कराया गया।

प्रशिक्षण के अंतिम दिन किसानों को मौसम पर आधारित कृषि को करने के तरीके हेमन्त भुआर्य ने बताया। डॉ. नरेन्द्र हरिदास तायड़े ने रागी जैसे फसलों के उत्पादन एवं मार्केटिंग के गुण किसानों एवं विद्यार्थियों को विस्तार से बताया। इसके पश्चात किसानों को मशीनों एवं प्रयोगशाला में अन्य महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषि विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के दौरान आयोजन एकलव्य विश्वविद्यालय दमोह के कुलाधीपति डॉ. सुधा मलैया, प्रति कुलाधिपति पूवजा मलैया एवं रति मलैया के कुलश नेतृत्व एवं कुलपति प्रो. पवन कुमार जैन, कुलसचिव डॉ. प्रफवल शर्मा के निर्देशन में किया गया।

कार्यक्रम के प्रायोजक एनएआईएम जयपुर के मुख्य संचालन अधिकारी डॉ. रवि कुमार गोयल का विशेष योगदान रहा।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के संयोजक छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. शैलेन्द्र जैन एवं समन्वय संकाय अध्यक्ष कृषि विभाग के डॉ. ओमपाल सिंह, डॉ. कोमल सिंह, राष्ट्रीय विपणन संस्थान जयपुर के सीईओ चौधरी चरण सिंह, डॉ. रवि कुमार गोयल, दमोह के कुलपति डॉ. पवन कुमार जैन उपस्थित रहें।



# शहर के स्वच्छता अभियान को पूर्व सैनिकों का मिला सहयोग



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

शहर की समाज सेवी संस्था जन सहयोग के स्वच्छता कार्यक्रम में भूतपूर्व सैनिको के संगठन अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सदस्य भी सहयोग दे रहे है। भूतपूर्व सौनिको ने शहर के देवभूमि स्वागत द्वार के पास साफ सफाई में उत्साह पूर्वक अपना सहयोग दिया।

जन सहयोग संस्था को आश्वासन दिया कि अब से वे लोग प्रत्येक साफ सफाई अभियान में सहयोग करेंगे।

सैनिक सेवा परिषद के साथियों की जहां भी जरूरत होगी, वहां हम पहुंच जाएंगे। देवभूमि राजापारा के किनारे व भारत माता चौक गार्डन से भी अनावश्यक घास, पौधे को ट्राली में भरकर अन्यत्र जगह ले जाया गया।

जन सहयोग के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी ने इस अभियन में पहुँचे भूतपूर्व सैनिकों का पुष्प मालाओं एवं श्रीफल से सभी का प्रेम पूर्वक सत्कार किया।

जन सहयोग संस्था की ओर से बल्लूराम यादव, धर्मेंद्र देव, करण नेताम, चरण यादव, राजेश चौहान, डॉ. श्याम देव, श्रद्धेश चौहान, संत कुमार रजक, धीरज ठाकुर, सरकार सिंह ठाकुर और अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के अध्यक्ष कौशल सिंह, संगठन सचिव टीके जैन, संरक्षक बालकृष्ण तोमर, अरविंद यादव, प्यारेलाल प्रजापति, मीडिया प्रभारी नुरेश गंगबेर, सदस्य संयोग साहू, बिरजू कवाची एवं अन्य उपस्थित रहें।

# ग्रामीण विस्तार अधिकारी के सूने मकान में हुई चोरी

**कांकेर।** अंतागढ़ थानांतर्गत नयापारा आरईएस क्वाटर में ग्रामीण विस्तार अधिकारी के घर में अज्ञात चोर ने दिन दहाड़े चोरी की घटना को अंजाम दिया। अधिकारी अपने ऑफिस जाने के लिए घर से 12 बजें निकला और जब 3 बजें घर वापस आया तब तक चोर ने घर में रखे नगद व जेवरात लेकर उड़ चुके थे। थाना में शिकायत करने पहुंचे धमतरी जिला के लोहारपथरा निवासी 31 वर्षीय टिकेश यादव पिता स्व. सुखलाल यादव को बताया कि हाल अंतागढ नयापारा का निवासी हूं। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के पद पर कार्य करता हूं। 4 जनवरी को वह घर पर अकेला था, पत्नी मायके गई थी। अपने शासकीय आवास आरईएस क्वार्टर से दोपहर 12 बजे अपने ऑफिस जाने के निकला और ऑफिस का काम खत्म करके वापस लगभग 3 बजे घर आया तो देखा की मेरे घर के अंदर का सामान अस्त व्यस्त बिखरा पड़ा था। बेडरूम मे जाकर देखा तो आलमारी खुला हुआ था, उसका लॉकर टुटा था। लाकर मे रखे नगद 5 हजार रूपएं एवं मेरी पत्नी की सोने अंगुठी व लाकेट कीमती लगभग 40 हजार रूपएं तथा चांदी का पायल 7 नग कीमती लगभग 35 हजार रूपएं कुल 80 हजार को कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले गया। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 380, 457 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### पटौद स्कूल के वार्षिकोत्सव में विधायक ने दी प्रेरणा



**कांकेर।** स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय पटौद में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक आशाराम के द्वारा मॉ सरस्वती की पूजा अर्चना कर किया गया। विधायक आशाराम नेताम स्वयं का उदाहरण देते हुए बच्चो को कर्तव्यनिष्ठ होकर निरंतर आगे बढ़ने कि बात कही। शाला विकास समिति के अध्यक्ष ऋषि साहू ने पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद व अन्य गतिविधियां विद्यार्थियो के सर्वांगीण विकास लिए जरूरी है। सभी बच्चो को इन गतिविधियो में शामिल होने को कहा गया। संस्था के प्राचार्य डीएस निषाद द्वारा विद्यालयीन गतिविधियो की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत किया गया, साथ ही कक्षा 10 वी, 12वी वार्षिक परीक्षा में शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम देने कि बात कही गई। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष रामचरण कोर्राम, पूनम सलाम, चन्दकान्त वट्टी, राकेश नायक, मुन्नाराम कुलदीप, किशन साहू, दशरथ साहू व पालकगण उपस्थित रहें।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में योजनाओं की दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्गुकोंदल

विकासखण्ड दुर्गुकोंदल के अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतो में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विभिन्न योजनाओं के बारे में जनताओं के साथ चर्चा किया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम पंचायत तरहुल और तराईघोटिया पहुंची जहां जनपद अध्यक्ष संतो दुग्गा के मुख्यातिथ्य एवं जिला पंचायत सदस्य शांति बघेल के विशिष्ठातिथ्य में सम्पन्न हुआ। केंद्र एवं राज्य की योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को अवगत कराया गया। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना, किसान सम्मान निधि, आवास योजना, सुकन्या योजना, मातृ वंदन योजना एवं आयुष्मान भारत योजना जैसे अन्य योजनाओं के बारे में बताया गया। लाभार्थीयों ने मेरी कहानी मेरी जुबानी के माध्यम सें सरकार की योजना सें किस प्रकार लाभ प्राप्त किया इस बारे में ग्रामीणों को बताया गया। कार्यक्रम में सरपंच ग्राम पंचायत तरहुल लतीफ पिड्डा, सरपंच ग्राम पंचायत तराईघोटिया जगदेव नुरुटी, जनपद सदस्य देवेंद्र टेकाम, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अशोक जैन, विजय पटेल, रामचंद्र कल्लो, शकुंतला नरेटी, जनक आरदे, राजेश दुग्गा, जीवन उईके, मनोज बघेल, सुमन कल्लो व ग्रामीण उपस्थित रहें।

# भिरौद में एनएसएस शिविर का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▸▸| नरहरपुर

राष्ट्रीय सेवा योजना ग्रामीण विकास के लिए युवा सात दिवसीय विशेष शिविर सरोना तहसील के अंतर्गत ग्राम नयापारा भिरौद में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अभनपुर के छात्राओं के द्वारा शिविर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपंच लता नेताम, उपसरपंच महाजन टेकाम, सेवानिवृत पुलिस राजा राम नेताम, अध्यक्षता भाऊ राम भास्कर, विशिष्ट अतिथि सगे सिंह वट्टी, उपसरपंच ग्राम पंचायत अभनपुर टिकेश्वर सिन्हा, संरक्षक विष्णु नेताम एवं जीएस नेताम अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अभनपुर, प्राचार्य आरपी नेताम, झूमर सिंह नेताम प्रधान अध्यापक, कार्यक्रम अधिकारी माधुरी साहू उपस्थिति रहे। सभी अतिथियों ने सेवा कार्य को सामूहिक नेतृत्व में गांव के विकास और युवा भागीदारी सुनिश्चित करने की ओर प्रेरित किए। इस अवसर पर संस्था के शिक्षक गण रूपेंद्र रामटेके, संजय कुमार यादव, फूलचंद कोर्राम, सुकलाल नुरेशिया, सोहनदास मानिकपुरी उपस्थिति रहे।

### कोरोना महामारी पर लोगों को किया जा रहा जागरूक

**चारामा।** शासकीय शहीद गेंदसिंह महाविद्यालय चारामा के एनसीसी सीनियर अंडर ऑफिसर लिकेश कुमार के द्वारा 2020 से 2023 तक कोरोना काल के दौरान लगभग 1 हजार 400 लोगों को कोरोना महामारी के प्रति जागरूक किया था। साथ ही मास्क वितरण, लोगों को भोजन उपलब्ध कराना व क्षेत्रों में अपना योगदान दिया था। अब देश में दुबारा कोरोना वायरस दस्तक दे चुका है और प्रतिदिन कोरोना के बड़ी तादाद में नए मरीजों की पुष्टि हो रही है। समय को भांपते हुए एसयूओ ने दुबारा कोरोना काल के इस संकट काल में लोगों की हर तरह से सेवा करने के लिए आगे बढ़ रहे है।



**13 पंचायतों में आयोजित किया गया संकल्प शिविर**

# जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत रविवार को जगदलपुर विकासखंड के ग्राम अलनार में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर विजय दयाराम के. ने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रत्येक पंचायत में संकल्प यात्रा शिविर आयोजित की जा रही है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार के साथ योजनाओं के लाभार्थियों की कहानी उन्ही की जुबानी सुनाकर अन्य ग्रामीणों को प्रेरित करना, शिविर में योजनाओं के लिए आवेदन लेकर पात्र हितग्राहियों का चिन्हांकन कर लाभ देना है। उन्होंने कहा कि पंचायतों में मोदी की गारंटी वाली वाहन पहुंचने पर ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी जा रही है सभी इसका लाभ लेवें। अलनार में कलेक्टर ने ग्रामीणों को विकसित भारत बनाने की शपथ दिलाई। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला योजना, स्वास्थ्य, पशुधन विकास, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा और सहकारी समिति के स्टाल का निरीक्षण कर अधिक से अधिक ग्रामीणों को लाभ देने के निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ प्रकाश सर्वे ने कहा कि जिले के 202 ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प शिविरों का आयोजन आज तक किया गया है बाकी पंचायतों में 26 जनवरी तक किया जाएगा। संकल्प शिविर में योजनाओं की जानकारी दी जा रही है, प्रधानमंत्री के मंशानुसार अंतिम व्यक्ति तक प्रचार प्रसार कर जागरूक किया जा रहा है। रविवार को जिले के सभी विकासखंडों के 13 ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत बस्तर विकासखंड के कुम्हली, चपका और फाफनी, दरभा विकासखंड के पखनार, पखनार-3, तोयनार, जगदलपुर ब्लॉक के सडगुड़, अलनार और माझीगुड़ा तथा लोहण्डीगुड़ा विकासखंड के पालम एवं ककनार सहित बकावंड ब्लॉक के सुवाचोंड एवं चिउरगांव में एलईडी वैन पहुंची और विकसित भारत संकल्प शिविरों का आयोजन किया गया। इन संकल्प शिविरों में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और पंचायत पदाधिकारियों के साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामीण उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुए। इस मौके पर जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को विकसित भारत बनाने की शपथ दिलाई।

कार्यक्रम में राजस्व, खाद्य, कृषि, स्वास्थ्य, पशुधन विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, सहकारी बैंक के द्वारा स्टॉल लगाकर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित किया गया। स्कूली बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति दी गई।



